## पिकनिक बनाने गये चार लोगों की डूबने से मौत

### सेल्फी लेते समय नदी में गिरी युवती को गये थे बचाने





उमरिया।

जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी चौकी क्षेत्र में सोन नदी के चकदेही घाट में डूब जाने से शहडोल जिले के चार युवाओं की मौत हो गई है। यह घटना बुधवार की दोपहर बाद हुई। मरने वालों में दो युवक और दो युवतियां शामिल हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए बिरसिंहपुर पुलिस ने बताया कि मरने वालों में पंकज सिंह पिता रामस्वरूप सिंह उम्र 20 वर्ष, पलक सिंह पुत्री बुद्ध सेन सिंह उम्र 19 वर्ष, पायल सिंह पुत्री बुद्धसेन सिंह और शशांक श्रीवास्तव पिता चंद्रकांत श्रीवास्तव शामिल हैं। मरने वाले सभी लोग शहडोल के रहने वाले हैं। चारों मृतकों का शव नदी से निकाल लिया गया है। इन चारों के अलावा मौके पर 4 दोस्त और भी साथ में ही थे। इस तरह हुई घटना के बारे में भी जानकारी के मुताबिक सभी युवा शहडोल से पिकनिक बनाने सोन नदी के चकदेही घाट पहुंचे थे। सेल्फी लेने के दौरान एक युवती पानी में गिर गई जिसे बचाने के प्रयास में दूसरी युवती भी पानी के बहाव में चली गई। इसके बाद दो अन्य युवक भी उन्हें बचाने के लिए पानी में उतरे और वह भी पानी में डूब गए। पानी ज्यादा गहरा होने के कारण चारों को बचा पाना संभव नहीं हो पाया। यही कारण है कि उनके साथ मौजूद शेष अन्य लोगों ने गांव के लोगों से मदद लेने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और चारों लोग पानी में काफी नीचे तक जा चुके थे। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद तैराकों की टीम को बुलाया और चारों के शव नदी से निकाले गए। घटना के बारे में जानकारी देते हुए बिरसिंहपुर पाली थाना प्रभारी मदन सिंह मरावी ने बताया कि चारों मृतकों के शव का परीक्षण बिरसिंहपुर पाली स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है जिसकी जांच की जा रही है। सोन नदी चकदही घाट में डूबे पलक, पायल, पंकज, शशांक के शव को एसडीआरएफ टीम उमरिया के द्वारा रेस्क्यू करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली लाया गया। कमिश्नर बाबू सिंह जामोद एवं एडीजीपी शहडोल जोन डी. सी. सागर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की एवं घटना में मृत हुए परिवार जनों से मिलकर ढांढस बंधाया। चारों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज शहडोल भिजवाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. वी.के. जैन, एसडीओपी पाली एसडीएम पाली टी. आर. नाग उपस्थित रहे।

## 946 नग अवैध नशीले इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार



### एनडीपीएस एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत 27 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टैंड स्थित सरकार पेट्रोल पंप के पीछे मैदान (घीबाड़ा) में दो व्यक्ति अवैध नशीले इंजेक्शन/दवा लेकर बेचने की फिराक में है, सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए वरिष्ट प्रभारी अधिकारी को सूचना देकर पुलिस बल रवाना होकर सरकार पैट्रोलपम्प के पीछे महुआ पेड़ के पास घीबाड़ा पहुंचा, जहां दो व्यक्ति खड़े दिखे, जिसमे थैला लिये व्यक्ति द्वारा पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबन्दी कर पकड़ कर अमन गुप्ता उर्फ नितीश पिता सुनिल गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड 24 खेरमाई मंदिर के पास एवं मनजीत सिंह सन्धू पिता गुरुवचन सिंह सन्धू निवासी बीएसएनएल आफिस, सौखी मोहल्ला का होना बताया जिनके बैग की तलाशी लेने पर बैग में काले रंग के प्लास्टिक पन्नी में 1.892 कि.ग्रा. नशीली दवा कीमती 94,600 रूपये होना पायी गई। उक्त नशीली दवाओं के बारे में दस्तावेज मांगने पर आरोपियों द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज न होना बताया गया। जिससे उक्त नशीली इंजेक्शन/दवाओं को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एवं ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र तिवारी, राकेश बागरी, रजनीश तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, प्रधान आरक्षक मायाराम अहिरवार, सत्यनारायण पाण्डेय, आरक्षक अभिमन्यू वर्मा एवं सौरभ मिश्रा की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी को आजीवन करावास

**शहडोल।** अपर सत्र न्यायाधीश ब्यौहारी द्वारा शासन विरूद्ध अतुल कोल पिता केशव कोल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बिजहा, थाना ब्यौहारी को धारा 302 भादवि में दोषी पाते हुए आजीवन करावास एवं 10,000 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में आर. के. चतुर्वेदी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी ब्यौहारी ने पैरवी की। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अभियोजन नवीन कुमार वर्मा ने बताया कि फरियादी मो. सैफ पिता उस्मान अली निवासी बिजहा की मां मसूमनिशा चारा काटने 07 फरवरी 23 को चारा काटने खेत गई थी, तब वहां पर आरोपी भी था, जिसे मसूमननिशा ने कहा कि यहां पर मत आया करो तो आरोपी ने मसूमननिशा को कई बार हंसिया से मारा, जिससे सिर में चोट लगी और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतिका की चीखने की आवाज सुनकर उसके बच्चे बचाने पहुंचे जिन्हें धक्का देकर आरोपी हसिया लेकर भाग गया। आरोपी के पकड़े जाने पर उससे खून लगी स्वेटर जप्त हुए तथा थाना ब्यौहारी द्वारा विवेचना बाद मामला न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह द्वारा की गई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में घटना के चक्षुदर्शी साक्षी ए,बी,सी के बयान के आधार पर एवं अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए। सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपी को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

### भालू ने युवक पर किया हमला



**उमरिया।** भालू के हमले में घायल युवक की हालत बेहतर न होता देख स्वास्थ्य प्रबन्धन ने एक दिन बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दरअसल बीती रात मानपुर परिक्षेत्र अंतर्गत समरकोइनी गांव से सटे बैगा मोहल्ले में भालू की मूवमेंट देखी गई थी, बाद में इसी भालू ने स्थानीय दासु पिता बाबू लाल बैगा पर हमला कर दिया था, जिसमें दासु बैगा गम्भीर रूप से घायल हुआ था, घटना की जानकारी पर पार्क टीम मौके पर पहुंची थी और त्वरित पीड़ति को इलाज के लिए मानपुर अस्पताल ले गई थी। बताया जाता है कि हादसे में घायल दासु बैगा घटना के दौरान घर से सटे खेत पर था, तभी वन्य प्राणी भालू ने हमला किया था, जिसमे बाया हाथ एवं बाया पैर गम्भीर रूप से जख्मी है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म



**शहडोल।** जिले के गोहपारु थाना क्षेत्र मे आठ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला दर्ज किया गया हैं। जिसका आरोप थाना क्षेत्र के गोड़ारू गांव के रहने वाले विधायक के ऊपर लगाया गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी विधायक के खिलाफ धारा 376,511 भादवि. एवं 11/12 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार गोहपारु थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़ारू के रहने वाले उपेन्द्र उर्फ विधायक सिंह पिता रामनरेश सिंह गोड़ द्वारा आठ वर्षीय बच्ची के साथ ज्यादाती करने की कोशिश की गयी। घटना के समय घर मे पीड़िता के माता-पिता नही 'थे। घर वापस आने के बाद उन्हें बच्ची ने सारा घटनाक्रम बताया। बच्ची के शरीर मे ज्यादती किए जाने के निशान भी दिखाई दे रहें हैं।

### खून से लथपथ मिला युवक का शव

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के नगपुर डोंगरी टोला में संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार युवक अपने खेत जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन खेत से कुछ ही दूरी पर उसका संदिग्ध अवस्था में शव मिला ।

## भूगोल विभाग में व्यक्तित्व विकास पर हुआ व्याख्यान



शहडोल।

पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वाधान में भूगोल परिषद के द्वारा व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यान कुलगुरु प्रो. रामशंकर के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुनीता बाथरे, विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग एवं मुख्य वक्ता डॉ. प्रीत नेगी शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद, कटनी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रो. रामशंकर ने आदर्श आचार्य एवं आदर्श विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के गुण का बोध कराया कि अपने व्यक्तित्व में निडरता, सहजता और संभाव्यता की खोज करके कैसे हम अपनी क्षमताओं को विस्तारित कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रीत ने विद्यार्थियों को स्वॉट विश्लेषण के विषय में बताया। विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं का सकारात्मक क्रमिक विकास कैसे करें तथा सतत मूल्यांकन करके कैसे अपने व्यक्तित्व को निखारा जा सकता है, उत्साही बने, बॉडी लैंग्वेज में सुधार कैसे करें, कम्युनिकेशन स्किल को इंप्रूव कैसे करें इत्यादि विषयों पर अपने विचार रखें। डॉ. जितेंद्र सेन ने समाज में राष्ट्र निर्माण हेतु आवश्यक व्यक्तित्व के लक्षणों को बताया। स्वामी विवेकानंद, शिवाजी एवं डॉ. अंबेडकर से प्रेरित होकर कैसे अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। प्रो. सुनीता बाथरे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रकृति भी हमें बहुत कुछ सिखाती है, हमें सहजता से प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करना सीखना चाहिए। मनुष्य अपने आचरण में आमूल परिवर्तन करके व्यक्तित्व में निखार ला सकते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सौरभ शिवा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मुनीश सिंह नेगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो.चेतना सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, दिलीप मिश्रा, अजय पटेल, दीपेश पारस, अशोक कोल, भूगोल परिषद की अध्यक्ष संध्या सिंह एवं बड़ी संख्या में भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डिजिटल विद्युत मीटर को रिचार्ज करने के नाम पर शिक्षक से ठगी

**शहडोल।** रेल्वे कालोनी अमलाई थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शिक्षक के खाते से अज्ञात आरोपी ने 04 लाख 10 हजार रुपये पार कर दिए हैं। इस मामले की रिपोर्ट अमलाई थाना में पीड़ति शिक्षक ने दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार रेल्वे कालोनी अमलाई निवासी प्रमोद कुमार पाण्डेय केन्द्रीय विद्यालय धनपुरी शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनके मोबाइल नम्बर पर किसी अज्ञात व्यक्ति का गत दिनों काल आया था। शिक्षक ने उक्त नम्बर वाले मोबाइल का काल रिसीव किया था। अज्ञात आरोपी ने शिक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय को बताया कि आपके निवास में लगे डिजिटल विद्युत मीटर को रिचार्ज करना है। रिचार्ज करने से आपको ही सहूलियत मिलेगी अन्यथा आपके विद्युत मीटर की सर्विस लाइन को यहां से बंद कर दिया जाएगा। आरोपी की बात के झांसे पर शिक्षक पाण्डेय आ गये और उन्होंने डाउनलोड करने अपना लिंक दे दिया। इसके पश्चात शिक्षक के खाते से चार लाख दस हजार आरोपी ने पार कर दिए हैं।

## घुनघुटी में गहराया जल संकट

### ग्रामीण क्षेत्रों में हवा उगल रहे हैंडपंप

घुनघुटी।

गर्मी के मौसम आते ही ग्राम घुनघुटी, छोटी तुम्मी,गांधीग्राम जैसे आदिवासी अंचलों में जल समस्या,इन दिनों विकराल रूप धारण करने लगी है अगर इसी तरह गर्मी बढ़ती रही तो आम जनजीवन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, गर्मी के कारण जल स्तर घटता जा रहा है ।उमरिया जिले के जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के ऐसे दर्जनों गांव है जहां जल स्तर में गिरावट के कारण नलों में पानी आना बंद हो जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार विकासखंड का भू-जल स्तर 70 से 80 फुट है लेकिन डेढ़ सौ फिट खनन वाले हैंडपंप भी हवा उगल रहे हैं विदित हो कि गर्मी के मौसम आते ही इसी गांव में प्रतिवर्ष पानी की समस्या गहराने लगती है इसके बावजूद भी विभाग कुंभकरणीय की नींद में सोए हुए



रहते हैं और शिकवा शिकायत के इंतजार में समय व्यतीत करते हैं, अगर समस्या आने के पूर्व समय विभाग सुधार लेता तो आज ग्रामीणों को यह दिन देखना नहीं पड़ता।

### एक दर्जन के अधिक ग्रामों में जल संकट

बिरसिंहपुर पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम घुनघुटी, गांधीग्राम, छोटीतुम्मी, कठई, जमुहाई, तिमनी, मालाचुआ, कुशमाहा सहित अनेक गांवों का वाटर लेवल गिरने के कारण पेय जल संकट की समस्या से जूझ रहे हैं।

### दो हैंडपम्प के भरासो दो ग्राम

प्राप्त जानकारी के अनुसार चार से पांच हजार की आबादी वाले ग्राम छुट्टी तुम्मी में 15 से 20 हैंडपंप के मदद से पेयजल उपलब्ध कराया जाता था किंतु जल स्तर गिरने के कारण 10 से 12 हैंड पंप हवा उगल रहे हैं मात्र दो से तीन हैंड पंप संचालित होने के कारण ग्राम वासियों को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है इसी प्रकार घुनघुटी में दर्जनों हैंडपंप बंद पड़े हुए हैं।

### शोपीस बनकर रह गई पानी टंकी

सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल-जल योजना गर्मी के दिनों में ग्रामीण को राहत देने में नाकाम साबित हुई है, नल जल योजना अंतर्गत बनाई गई पानी टंकी शोपीस बनकर रह गई है, ग्रामीणों ने बताया है कि हमने शिकायत भी किया लेकिन आज तक घुनघुटी क्षेत्र की हजारों नल, हैंडपंप, बोरवेल नल बंद पड़े हुए हैं आज तक नहीं सुधरा गया।

## वैश्य महासम्मेलन का हुआ होली मिलन समारोह



**शहडोल।** होटल मोती महल परिसर में 27 मार्च को वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला शहडोल ईकाई द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का रंगारंग, फाग गायकों के सानिध्य में आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समुदाय की मातृ-शक्तियों की भारी संख्या में उपस्थिति एवं उनके द्वारा मनमोहक कार्यक्रमों की प्रशंसनीय प्रस्तुति, अविस्मरणीय एवं प्रशंसनीय थी। फाग के मधुर गीत संगीत के मध्य, नाचते-गाते वैश्य समाज के, उठते अबीर-गुलाल से समारोह में चार चांद लग गया था। वर्षो बाद हर्षोल्लास के साथ, उत्साह व उमंग से सरोबार, होली मिलन का शानदार समारोह नगर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती शोभना गुप्ता द्वारा किया गया। मनोरंजन खेलों में 'नाचते हुए टोपी पहनाओ' गेम में, पुरुष वर्ग से नीलेश मोर, राजेश गर्ग, बृजकिशोर गुप्ता, महिला वर्ग से शशि गुप्ता, संगीता गुप्ता, शिखा अग्रवाल, 'फुल हाउजिंग' गेम में रामनिवास गुप्ता, शोभना गुप्ता, पुष्पा अग्रवाल, कान्ता गुप्ता, शशि गुप्ता एवं रेखा गुप्ता विजयी रहे, जिन्हें मंच से पदम खेमका एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं शहडोल संभाग के प्रभारी पदम खेमका की सक्रियता व सामाजिक समर्पण, प्रशंसनीय व अनुकरणीय थी। समारोह में संभागीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, महिला संभागीय अध्यक्ष श्रीमती शांति गुप्ता, महिला जिला प्रभारी श्रीमती निर्मला गुप्ता, नगर महिला अध्यक्ष श्रीमती अंजना गुप्ता, जिला अध्यक्ष नरेश सिंघल, जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती शोभना गुप्ता, जिला प्रभारी नीलेश मोर, जिला अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास गुप्ता, संभागीय कार्यालय मंत्री जवाहरलाल सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे. पी. गुप्ता, युवा संभागीय अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, राजेश गुप्ता, कसौंधन समाज के प्रदेश अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, विनोद महाजन, शिव अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, राजेश गर्ग इत्यादि महानुभावों के साथ-साथ अधिकांश मातृ-शक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महिला वोटरों की बहुलता कर सकती है भाजपा प्रत्याशी का वरण

### कांग्रेस की उदासीनता से प्रत्याशी के लिए दिल्ली काफी दूर

शहडोल।

आठ विधानसभा सीटों में फैली शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी बहुल तो है ही यहां मतदाताओं की स्थिति भी दिलचस्प है। शहडोल लोकसभा सीट में टोटल 78 लाख 4,944 मतदाता हैं। जिसमें से 39 लाख 9,692 महिला मतदाता हैं, 38 लाख 5,243 पुरुष मतदाता हैं,मतलब कि महिला मतदाताओं की संख्या पुरु षों की तुलना में एक लाख अधिक है। महिलाएं अब मतदान करने मे भी पीछे नहीं रहतीं हैं। इस दृष्टि से अगर देखा जाए तो भाजपा की महिला प्रत्याशी हिमाद्री सिंह का पड़ला भारी नजर आता है। एक लाख महिलाओं की संख्या में अगर 80 हजार महिलाओं ने भी मतदान किया तो निश्चित ही इससे भाजपा की

स्थिति मजबूत होगी और मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी का संघर्ष बढ़ेगा। महिला वोटरों का अधिकतम मतदान जिस पार्टी की ओर होगा उसकी जीत लगभग तय ही रहेगी।

### भाजपा की योजनाएं भी असरकारी हैं

एक तो भाजपा ने साफ सुथरी छबि की महिला प्रत्याशी को मैदान में उतार कर उन्हे महिलाओं से जोड़ दिया है। और फिर स्वयं भाजपा की महिलाप्रधान योजनाएं भी हैं जिन्होने महिलाओं के अंदर पार्टी के प्रति एक रुझान सा पैदा कर रखा है। लाड़ली बहना योजना, रसोई गैस के दामों में कमीं करना आदि उपाय ऐसे हैं जो कि महिलाओं को भाजपा के निकट लाते हैं और मतदान में उन्हे भाजपा को सहयोग देने विवश करते हैं। महिलाओं का भी कहना है कि जिसने उनकी तकलीफें समझीं उसे ही वे क्यों न चुनें? घरेलू महिलाओं को भाजपा के शासन में कोई खोट नजर नहीं आ रही है। उन्हे यह लगता है कि भाजपा उनके लिए सोच रही है, उनके प्रिय रामलला की अयोध्या में स्थापना भी करवा चुकी है। उससे अच्छी पार्टी और कौन हो सकती है।

### कांग्रेस काफी दूर है महिलाओं से

कांग्रेस पार्टी के पास ऐसी कोई योजना नहीं जो महिलाओं का रुझान पार्टी की ओर बढ़ा सके। सच यह है कि वर्षों के अंतराल में कांग्रेस निरंतर महिलाओं और युवाओं से दूर होती चली गई। इनके हितों को लेकर कांग्रेस ने कभी न तो शासन से कोई मांग की न ही कभी आंदोलन किया। नतीजा यह हुआ कि भाजपा ने इसका जमकर लाभ उठाया है। आज चुनाव में जब कांग्रेस प्रत्याशी अपने वोट बटोरने का प्रयास करेंगे तो उन्हे ज्ञात होगा कि जनता से फासला बढ़ाने का अर्थ क्या होता है। आज दूर दराज देहाती क्षेत्रों में कांग्रेस का कोई नामलेवा नहीं है। अगर ऐसी स्थितियां हैं तो निस्संदेह कांग्रेस के लिए यह सीट निकालना टेढ़ी खीर ही है। कांग्रेस ने कभी नए सिरे से अपने आप को तैयार नहीं किया। इतना तो तय है कि काग्रेस ने जो महिलाओं से फासला बनाया वह उसे इस चुनाव में मंहगा पड़ेगा।



### आज भी भाजपा का ही दबदबा

आठ विधानसभा सीटों की स्थिति देखने से ज्ञात होता है कि आठ में से सात सीटों पर भाजपा विधायक हैं केवल एक सीट ही कांग्रेस को मिली है। सात विधानसभाओं में भाजपा के प्रति लोगों का अधिकतम जुड़ाव है। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह स्वयं ही संसदीय सीट की निवृत्तमान सांसद हैं। इन सब स्थितियों से प्रतीत यही होता है कि इस बार पुनः चुनावों में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने वाली है। कांग्रेस अचानक से कोई करिश्मा कर दिखाने वाली नहीं हैं। कांग्रेस के दिग्गज स्वयं इस बात को मानते हैं कि शहडोल में भाजपा काफी मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति अगर मजबूत भी होगी तो केवल अनूपपुर जिले की एक निर्धारित एरिया तक क्योंकि प्रत्याशी फुंदेलाल की राजनीतिक उम्र अधिकतम उसी क्षेत्र में बीती है।

### एक दुखद स्थिति यह भी है

अब कांग्रेस अपनी उदासीनता और पिछड़ी सोच के कारण राजनीति में इतनी पिछड़ गई है कि उसे चुनाव में खड़ा करने के लिए आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार नहीं मिलते हैं। खासतौर पर महिला उम्मीदारों के लिए और भी संकट है। दलवीर सिंह और राजेश नंदिनी सिंह का अध्याय समाप्त हो जाने के बाद कांग्रेस ने इस तरफ से मुंह फेर लिया, जबकि दलवीर सिंह और राजेश नंदिनी सिंह की रिक्तता को पूर्ण करने के लिए उसे अपने उम्मीदवार और जनाधार वाले नेता तैयार करने चाहिए थे। कांग्रेस को हिमाद्री सिंह पर भरोसा था लेकिन जब उसने पाला बदल लिया तो कांग्रेस असहाय हो गई। कांग्रेस अगर उसी समय हिमाद्री का विकल्प तैयार करने का प्रयास करती तो निस्संदेह आज कांग्रेस के सामने असहाय हो जाने की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। पार्टी अपनी दुर्दशा के लिए स्वयं जिम्मेदार है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** थाना सिंहपुर क्षेत्रांतर्गत 24 मार्च को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने जोधपुर में दबिश देकर आरोपिया अर्जुन कोल की पत्नी निवासी जोधपुर के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना पर पुलिस ने पडरिया में दबिश देकर आरोपी बृजभान पटेल पिता जमुना पटेल निवासी पड़रिया के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता तथा निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन की घोषणा के फलस्वरूप जिले में लोक सभा चुनाव के संचालन एवं शांति व्यवस्था हेतु जिले में संचालित समस्त डीजल/पेट्रोल पम्प विक्रेता अपने डीजल-पेट्रोल पम्पों में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता तथा निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगे एवं लोक सभा निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिये निर्वाचन कार्य समाप्त होने तक निम्न विवरण अनुसार पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक आरक्षित (रिजर्व) रखेंगे। उन्होने कहा है कि आरक्षित (रिजर्व) स्टॉक डीजल पेट्रोल निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी पर्चियों के आधार पर प्रदाय करेंगे। राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को पेट्रोल मंम्पों से विक्रय किए गए डीजल पेट्रोल का कैश मैमो अनिवार्य रूप से प्रदाय कर पृथक से लेखा संधारित करें एवं आवश्यकता पड़ने पर जानकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### डाक मतपत्र एवं ईडीसी का प्रशिक्षण का समापन

**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए डाक मतपत्र एवं ईडीसी का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा कलेक्टर सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण में डाक द्वारा मतदान करने के हकदार व्यक्ति, संसदीय या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मे चुनाव मे विशेष मतदाता, सेवा मतदाता, चुनाव डियुटी पर मतदाता, निवारक हिरासत के अधीन निर्वाचक, निर्वाचन ड्युटी मे तैनात मतदाताओं का अपने सुविधा केंद्र पर मतदान, विशेष मतदाता द्वारा सूचना, चुनाव ड्यूटी पर मतदाता द्वारा सूचना, डाक मतपत्र हेतु पात्रता, चुनाव ड्युटी पर मतदाता, सेवा मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र एवं अन्य श्रेणियों के मतदाताओ के लिए डाक मतपत्र मे समानताएं, असमानाएं, पोस्टल, बैलेट पेपर आवेदन, पोस्टल बैलेट पेपर्स से मतदान, निर्वाचन ड्यूटी पर मतदाता, पीबीएस को मतगणना केंद्र तक भिजवाना, ईडीसी, पीबी हेतु आवेदन प्रारूप 12 आदि की जानकारी दी गई ।

दलालों के हाथ में सौंप दिया परिवहन विभाग

# ..तो फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा कर नौकरी कर रहे आरटीओ

**उमरिया।** जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहनों से वसूली कराई जा रही है। अवैध वसूली को लेकर पूर्व में बंटू और जग्गा सुर्खियों में आये, लेकिन प्रभारी द्वारा इस मामले में कोई कार्यवाही करना उचित नहीं समझा, हालाकि प्रभारी संतोष कुमार पाल को उमरिया वसूली के हिसाब से छोटा जिला लगता है, वर्ष 2022 के अगस्त माह में ईओडब्ल्यू की टीम ने तत्कालीन जबलपुर के आरटीओ संतोष पाल के शताब्दीपुरम स्थित घर पर छापामार कार्यवाही की थी, जिसमें टीम को जांच में पांच मकान, एक फार्म हाउस, दो दुकान, 650 ग्राम सोने के जेवर व 16 लाख रुपये नकद मिले थे, जिस घर में आरटीओ पाल व उनकी पत्नी रहते थे, उसमें स्वीमिंग पूल, मिनी थियेटर, मिनी बार सहित ऐशोआराम के तमाम लग्जरी सामान उपलब्ध थे। वर्तमान जबलपुर की तुलना में उमरिया जिला उन्हें इतना छोटा लग रहा है कि उन्होंने वसूली का जिम्मा बंटू और जग्गा पर छोड़ रखी है।

### झूठे आरोपों में फंसाने में माहिर

कभी 10 हजार के मासिक वेतन पर एलआईसी में चपरासी की नौकरी करने वाला संतोष पाल साल 2012 में एमपीपीएससी की परीक्षा पास करके एआरटीओ के पद पर आया। पहली पोस्टिंग इंदौर में एआरटीओ के रूप में हुई थी, लेकिन एआरटीओ के रूप में वह पैसा नहीं मिल रहा था, जो श्री पाल को चाहिए था। लिहाजा उसने जल्द ही जबलपुर में आकर जुगाड़ के जरिए पद के विपरीत प्रभारी आरटीओ की कुर्सी पर अंगद की तरह पैर जमा लिया। उसके बाद संतोष को मानों पैसे कमाने का जुनून ही सवार हो गया। वह 4 साल से जबलपुर में पदस्थ थे, लेकिन जबलपुर में प्रभारी आरटीओ रहने के साथ-साथ उन्हें जब भी मौका मिलता, वह दूसरे जिले के आरटीओ का प्रभार भी ले लेते थे। बीते सालों में संतोष पॉल के खिलाफ कई मामले सामने आए, जिनमें फर्जी जाति प्रमाण पत्र, ऑटो चालक को गांजा बेचने के झूठे आरोप में फंसाने की धमकी देना, रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, परमिट सहित वीआईपी नंबर्स की मनमानी फीस वसूलना और कमीशन लेने जैसे आरोप भी लगे, एआरटीओ के पद पर रहते हुए संतोष पॉल ने करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति जुटाई है, जिसके कारण ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज हुई।

### विवादों में रहा सर्टिफिकेट

संतोष पाल अनुसूचित जन जनजाति वर्ग से एमपीपीएससी की परीक्षा पास करके सेवा में आए , लेकिन उनका एसटी का सर्टिफिकेट शुरू से ही विवादों में रहा। इस सर्टिफिकेट के खिलाफ कलेक्टर से लेकर पीएमओ तक शिकायत की गई थी, जो तथ्य शिकायतों में दिए गए थे, वह बेहद चौंकाने वाले थे। साल 2020 में परिवहन आयुक्त को शिकायतकर्ता नमन साहू ने जो शिकायत भेजी , उसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि 2017 में उन्हें हरिजन एक्ट में संतोष पाल और उसकी पत्नी ने फंसाया है। उन्होंने यह भी लिखा कि उनके कारण ही में जेल गया था, उन्होंने शिकायत में बताया कि संतोष पाल और उनकी पत्नी फर्जी गौड़ जाति का प्रमाण पत्र बनवा चुके हैं और वे इस प्रमाण पत्र का उपयोग लोगों को फंसाने के लिए ही करते हैं। नमन साहू ने शिकायत में यह भी लिखा था कि पति-पत्नी दोनों ही गौड़ जाति का फर्जी प्रमाण पत्र बनवा कर नौकरी कर रहे हैं और कई लोगों पर यह फर्जी हरिजन प्रकरण दर्ज करवाने में आदतन अपराधी के रूप में सामने आए हैं। यह शिकायत नमन साहू ने गृहमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक भेजी है, लेकिन इसके बावजूद कोई भी निर्णय अब तक नहीं हो पाया है। इस मामले को विधानसभा में भी उठाया, लेकिन निर्णय वहां पर भी नहीं हो सका।



**आय से 650 गुना अधिक कमाने के बाद भी संतोष नहीं**

### 650 गुना बनाई संपत्ति

ईओडब्ल्यू की टीम ने श्री पाल को भ्रष्ट साबित कर दिया, लेकिन बीते वर्षो में विभाग में बनाई गई पैठ के चलते, उन्हें एक बार फिर उमरिया जिला प्रभार में मिल गया, जाहिर सी बात है, यह सब कुछ पैसे के दम पर ही होता होगा, श्री पाल छिंदवाड़ा, सिंगरौली, नरसिंहपुर, बालाघाट, सिवनी जैसे जिलों का प्रभार भी अपने हाथ में ले चुके हैं, भ्रष्टाचार की गंगा आरटीओ में बहती थी, लेकिन कोई भी इस भ्रष्टाचार के खिलाफ बोल नहीं पाता था, अगर कोई बोलने की जरूरत भी करता था तो उसका मुंह पैसों से भर दिया जाता था। ईओडब्ल्यू के इस छापे के पहले कई शिकायतें, लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में हो चुकी थी, लेकिन ठोस सबूत हाथ नहीं लग रहे थे, जब अदालत में ही सबूत रखे गए तो, ईओडब्ल्यू की टीम ने संतोष के घर में धावा बोल दिया, इस रेड में उसकी लिपिक पत्नी रेखा पाल भी निशाने पर थी। ईओडब्ल्यू ने जो आकलन किया संपत्ति का वह चौंकाने वाला था। करीब 70000 रुपए तनख्वाह पाने वाला व्यक्ति करीब 10 सालों में अपने वेतन के 650 गुना कमाई कर चुका था।

### साहब की शह पर कारोबार

वर्तमान में उमरिया आरटीओ ऑफिस के बाहर जमा दलाल समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं। हर काम के लिए उन्होंने दाम तय कर रखे हैं। कार्यालय में बिना दलाल के डीएल या गाड़ी से संबंधित काम कराने पर काउंटर पर बैठने वाले कर्मचारी बेवजह दौड़ भाग कराते हैं। इसका फायदा उठाते हुए दलाल पब्लिक से मनमाफिक पैसे वसूलने में कामयाब रहते हैं, वहीं दूसरी ओर बंटू और जग्गा साहब का वाहन लेकर स्वयं जांच लगाकर वसूली करते हैं, ऐसा नहीं है कि इसकी खबर किसी को नहीं है, वीडियो वॉयरल होने के बावजूद विभाग के मुखिया द्वारा जग्गा पर कार्यवाही न करना और बंटू के खिलाफ पुलिस से शिकायत न करना यह दर्शाता है कि अवैध वसूली का कारोबार उनकी सह पर हो रहा है।

### फिर सौंपी परिवहन विभाग की कमान

परिवहन विभाग में दलालों के माध्यम से 1984 के पहले लाइसेंस बनाए जाते थे, इसके बाद शासन ने दलाली प्रथा पर रोक लगा दी। जिला गठित होने के बाद से उमरिया परिवहन विभाग आये दिन सुर्खियों में बना रहता है, वर्तमान में परिवहन विभाग में 50 से अधिक दलाल सक्रिय हैं। जिनके द्वारा परिवहन विभाग में दलाली की जाती है, लेकिन इन दलालों के ऊपर विभाग का चपरासी जग्गा और बंटू नामक दलाल पूरा मैनेजमेंट देखते हैं और हिसाब साहब से साझा करते हैं, साहब इतने माहिर है कि ईओडब्ल्यू के छापे के बाद उन्हें एक बार फिर छोटा ही सही, लेकिन परिवहन विभाग की कमान विभाग ने सौंप दी और नये तरीके से साहब एक बार फिर अपनी जब्त हुई संपत्ति के बराबर वसूली कर उस संपत्ति की भरपाई में लगे हैं। स्थानीय जानकारों का कहना है कि मामले में कितनी सत्यता है, यह तो जांच के बाद ही सामने आ सकता है।

## युवाओं ने दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे लिखकर किया जागरूक

**उमरिया।** मतदाता जागरूकता अभियान के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे लिखे लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित कर रहे। स्वीप वालंटियर हिमांशु तिवारी ने मतदान की महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वोट देना आपका अधिकार है। इसके बदले वे किसी से उपहार न लें। आप अपने कीमती वोट के माध्यम से बेहतर सरकार बनाकर लोकतंत्र को मजबूत कर सकते है। आप अपने मताधिकार का हर हाल में इस्तेमाल करें। स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी है। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट अमूल्य है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। आम आदमी के वोट से देश का भविष्य तय होता है। हमारा वोट केवल हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। हम अधिकारों के प्रति तो सजग रहते हैं लेकिन कर्तव्यो के प्रति नहीं। इसलिए जरूरी है कर्तव्य को निभाते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लें। मतदाता जागरूकता गतिविधियों के जरिए लोगों को मतदान का महत्व और चुनाव प्रक्रिया के संबंध में जरूरी जानकारियों से अवगत कराया गया। दीवार में नारा लेखन के माध्यम से भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं के प्रश्नों का समाधान कर मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ ही परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों से भी अनिवार्य रूप से मतदान का महत्व बताकर वोट डालने की समझाईश देने की अपील की गई। जागरूकता कार्यक्रम में दौरान स्वीप वालंटियर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, नैंसी सोनी, सौरव पांडेय, अजय कुमार, जय सिंह, पूनम बैगा एवं सभी उपस्थित रहे।



## कुएं में मिला युवक का शव

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के रासमोहनी गुर्रा गांव में लापता युवक का शव कुएं में तैरता मिला। युवक की पहचान राजू सिंह निवासी लफदा के रूप में हुई है। मृतक पिछले तीन दिनों से घर से लापता था। जिसका शव बुधवार की सुबह गुर्रा गांव के एक कुएं में मिला है। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई और मौके पर ग्रामीणों का भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है। हालांकि, पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुट गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि गुर्रा गांव के कुएं में राजू सिंह का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने शव को कुएं में देखकर मामले की जानकारी पुलिस को दी है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। परिजनों ने बताया कि मृतक घर से पिछले तीन दिनों से लापता था। होलिका दहन करने के बहाने वह घर से निकला था जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। लगातार परिजन आस पड़ोस व रिश्तेदारी में युवक का पता लग रहे थे लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला था। पुलिस को भी मामले की जानकारी परिजनों के द्वारा दी गई थी।



### जोनल, सेक्टर अधिकारी का प्रशिक्षण 29 अप्रैल को

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन 2024 को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सेक्टर आफिसर की नियुक्ति की जानी है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने विधानसभा क्षेत्र 89 एवं 90 मानपुर हेतु लोक सभा निर्वाचन 2024 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आंशिक संशोधन करते हुए मतदान केंन्द्रों के लिए अधिकारियों को जोनल, सेक्टर आफिसर नियुक्त किया है । उन्होने कहा है कि सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रो मे मतदान शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्त्र कराने का दायित्व आपका होगा। सेक्टर में शांति व्यवस्था को बनाये रखने का दायित्व आपका होगा। इस कार्य हेतु पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही सीआरपीसी के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान किए जायेगे। सहायक रिटर्निंग आफिसर को मतदान दल द्वारा सामग्री लेकर मतदान केंद्र के लिए रवाना होने की रिपोर्ट, मतदान केंद्र पर मतदान दलो के पहुंचने की रिपोर्ट, मतदान प्रारंभ होने की रिपोर्ट, मतदान समाप्ति की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मतदान दल वापस होने पर मतदान सामग्री जमा कराने की रिपोर्ट, रिजर्व पार्टी के कुल मतदान कर्मी तथा मतदान सामग्री एवं ईव्हीएम दी जाएगी। जिनका आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों पर उपयोग कर सकेगे। मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु डाक्टर, स्वास्थ्य कर्मी, दवाईयां की किट उपलब्ध कराई जाएगी । मतदान केंद्र पर कम्युनिकेशन के लिए कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है, जो दो घंटे के अंतराल मे मतदान केंद्र पर हुए मतदान के प्रतिशत की जानकारी एसएमएस या फोन से चुनाव कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। नवीन संशोधित जोनल, सेक्टर अधिकारी का प्रशिक्षण 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया है।

## उपाय एप के जरिए होगा विद्युत शिकायत का समाधान

**उमरिया।** विद्युत संबंधी शिकायत के निराकरण के लिये उपाय एप के माध्यम से आसानी से समाधान किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने मोबाइल में उपाय एप डाउनलोड करना होगा। आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को डाउनलोड कर अपनी शिकायत का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। साथ ही बिजली बिल भी आसानी से घर बैठे ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के अनेक फायदे हैं। उपाय एप के रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय एप के माध्यम से जान सकते हैं। अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी किया जा सकता है। उपाय एप से बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ता को बिल डेस्क, एचडीएफसी बैंक पे-यू, गूगल पे, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, नेट बैंकिंग इत्यादि ऑप्शन्स प्राप्त होते हैं। उपभोक्ता इनमें से किसी भी एक माध्यम का चयन कर अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान कर तुरंत पावती प्राप्त कर सकते हैं।

## चाकू सहित 4 आरोपी पकड़ाये

**शहडोल।** थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 26 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत कल्याणपुर में कुछ व्यक्ति देशी कट्टा दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा कल्याणपुर में दबिश देकर आरोपी राजा सोधिया पिता बृजमोहन उर्फ मोहन सोंधिया उम्र 27 वर्ष निवासी घरौला मोहल्ला एवं दीपक उर्फ दीपू सोंधिया निवासी कल्याणपुर को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लोहे का देशी कट्टा मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक कामता पयासी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।वहीं थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि खैरहा थाना क्षेत्रांतर्गत अरझुला एवं घनौरा में पर कुछ व्यक्ति चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा अरझुला में दबिश देकर आरोपी विकास दीपक यादव पिता सुरेश यादव निवासी लखवरिया को पकड़कर तलाशी ली गई एवं घनौरा में दबिश देकर आरोपी इन्द्रजीत सिंह पिता प्रीतम सिंह निवासी घनौरा को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से प्रथक-प्रथक एक-एक अद्द लोहे के चाकू मिले। जिन्हें जप्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरहा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दलबीर सिंह एवं रामनाथ बांधव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नासूर बना प्रमुख मार्गों का अतिक्रमण

### दुकानों का सामान सड़क पर, आवागमन में बन रही परेशानी का सबब

**कोतमा।** नगर के प्रमुख मार्गों में अतिक्रमण हर व्यक्ति के लिए समस्या बन गई है। यह स्थिति अधिकारियों के संज्ञान में भी है, लेकिन अतिक्रमण हटाने के लिए नगर प्रशासन ने अभी तक कोई रणनीति नहीं बनाई है। अतिक्रमणकारी राहगीरों के चलने वाली सड़क को भी कब्जा कर लिए है। नगर के मुख्य मार्गो में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह-जगह बड़े दुकान एवं फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क संकरी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची होती है। पुराना अस्पताल रोड सब्जी मंडी रोड स्टेशन चौक पंचायती मंदिर रोड पोस्ट ऑफिस रोड जखीरा चौक गांधी चौक बस स्टेंड के मार्गो में दुकानदारों के द्वारा मनमाने तरीके से दुकान की सामग्री बाहर लगा कर सड़क को छोटा करते जा रहे हैं। जिस पर नगर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है न ही नगर पालिका के जिम्मेदार अतिक्रमण हटाने की तैयारी में है। कुल मिला कर आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सड़कों पर अतिक्रमण से समस्या बढ़ गई है । आमजनो को सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानों का सामान निकालकर सड़क पर रखा जा रहा है।



### सड़क तक फ्लैक्स बोर्ड

जिस जगह पर ग्राहको के वाहन खड़े होने चाहिए। वहां दुकान दारो के द्वारा बड़े बड़े बोर्ड लगा रखे है। इस वजह से सड़क पर यातायात प्रभावित होता है। व्यापारियो के द्वारा मनमानी की जा रही है। अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। नगरीय निकाय का अमला कभी सड़क पर निकलता ही नहीं है। यही वजह है कि समस्या का हल अब तक स्थाई रूप से नहीं निकल पाया है। नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सालों से नहीं की गई। पहले प्रशासन के आदेश से ये कार्रवाई होती रही है लेकिन लंबे समय से अतिक्रमण या कब्जा नहीं हटाया गया है। पूरा बाजार क्षेत्र और मुख्य सड़क अतिक्रमण के कारण अव्यवस्थित है।

### आवाजाही मे परेशानी

इस वजह से लोगो को आवाजाही में कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बाजार में दुकानो की संख्या बढ़ी है लेकिन व्यवस्था के नाम पर कोई प्लान नगरीय निकाय के पास नहीं है। यहां त्योहारों के सीजन के अलावा आम दिनों में भी ग्राहकों की भीड़ रहती है। अतिक्रमण की समस्या भी यहां सबसे ज्यादा है। बड़ी बड़ी दुकानों का सामान सड़क पर रखा होता है। कपड़े के दुकानदार सड़क पर दुकान लगाते हैं, इलेक्ट्रॉनिक शोरूम संचालक सड़क पर ही कूलर, पंखे रखते हैं, इतना ही नहीं बर्तन बेचने वाले बड़े दुकानदार भी सड़क पर दस फिट आगे तक बर्तन जमाते हैं। पुराना अस्पताल रोड पंचायती मंदिर रोड सब्जी मंडी रोड पर आलमारी, बिस्तर पेटी जनरल स्टोर इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वालों का कब्जा है ।तो वहीं आजाद चौक गांधी चौक जकीरा रोड पर भी दुकानदारों का सामान फुटपाथ घेर रहा है। सभी जगह समस्या एक ही है अतिक्रमण के कारण दूसरी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिसके कारण जाम के हालात बनते हैं। बाजार एरिया में नो एंट्री है उसके बाद भी चार पहिया वाहन चालक बाजार में वहां ले जाते हैं जिसके कारण प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही तिरपाल लगा लिया जाता है




### फ्लैग मार्च कर मतदान करने की पुलिस की अपील

**कोतमा।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने शहडोल जोन के एडीजी डीसी सागर द्वारा कोतमा थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करते हुए ग्रामीणों से जनसंवाद कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जेएस पवार, एडिशनल एसपी शिवकुमार सिंह, थाना प्रभारी कोतमा सुंदरेश सिंह, बिजरी विकास सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस टीम द्वारा नगर के समीपी गांव बुढानपुर, गढ़ी, निगवानी होते हुए गांधी चौक कोतमा एवं नगर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया जा रहा है। एसपी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि भय मुक्त होकर लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे साथ ही नए मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं संदेश भी प्रेषित किया गया।

# न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण प्रदेश के मजदूरों के साथ धोखाधड़ी

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा 3 के अनुसार प्रत्येक पांच वर्ष के बाद न्यूनतम वेतन की दरें पुनरीक्षित की जानी चाहिये। प्रदेश में अनुसूचित नियोजनों हेतु पिछला न्यूनतम वेतन निर्धारण 10.10.2014 जारी हुआ था। स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत वर्ष 2019 में यह पुनरीक्षण हो जाना चाहिए था, लेकिन प्रदेश सरकार ने पूँजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए इसे लगभग 4 साल लंबित रखा और लाखों मजदूरों और उनके परिजनों को तबाह कर दिया। सीटू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर उपरोक्त आरोप लगाते हुए कहा कि न्यूनतम वेतन सलाहकार मण्डल ने तो नियमानुसार 5 वर्ष की अवधि उपरांत न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण का प्रस्ताव 15.11.2019 को मध्य प्रदेश शासन को भेज दिया गया, लेकिन मध्य प्रदेश शासन ने 4 वर्ष तक इसे लंबित किये रखा और इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। ज्ञातव्य हो कि इन्हीं चार वर्षो के दौरान मेहनतकश अवाम ने न सिर्फ कोरोना महामारी का भीषण दौर झेला अपितु डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस सहित आम उपभोक्ता वस्तुओं की आसमान छूती महंगाई के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के भारी खर्चों की मार भी झेली। इस अवधि में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षित न कर मध्य प्रदेश शासन ने प्रदेश के मजदूरों को नियमानुसार मिलने वाली बढ़ी हुई मजदूरी से वंचित कर उन्हें तबाह किया और प्रदेश के खरबपति नियोजकों को लाभ पहुंचाया। नेताओं ने कहा कि 15.11.2019 को न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड की अनुशंसा थी कि 01.10.2019 को प्रभावशील महंगाई भत्ते व मूल वेतन को जोड़कर उसमें 25 प्रतिशत की वृद्धि कर नया मूल वेतन निर्धारित हो, लेकिन सरकार ने कानूनी प्रावधानों को धता बताते हुए 5 वर्ष के बजाय 9 वर्ष 6 माह का समय लिया और उसमें भी हेराफेरी करते हुए केवल 01.10.2019 के मूल वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर सभी श्रेणी के श्रमिकों के हितों पर कुठाराघात कर नियोजकों का हित लाभ किया। इस चालाकी के कारण 1 अप्रैल 2024 से लागू किए जाने वाले पुनरीक्षित वेतन में प्रत्येक श्रमिक को औसत 437 रुपए मासिक का नुकसान हुआ। सीटू नेताओं ने कहा कि जितने भी वेतन समझौते या वैधानिक मापदंडों से होने वाले पुनरीक्षण होते हैं उनका भुगतान उस दिनांक से होता है जिस दिनांक से वह देय हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में देय दिनांक से भुगतान दिनांक तक के एरियर्स का भी भुगतान होता है लेकिन मध्य प्रदेश में हुए वर्तमान न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण में इस विधिसम्मत व मान्य परम्परा का खुला उल्लंघन कर इसे लगभग 4 वर्ष 6 माह की अवधि के बाद (देय दिनांक अक्टूबर 2019 तथा प्रस्तावित भुगतान दिनांक 01अप्रैल 2024) लागू करना स्पष्टतः मजदूर विरोधी व नियोजक समर्थक अवैध कार्रवाई है। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने लाखों मजदूरों को लाखों करोड़ रुपये का चूना लगाते हुए उसे उद्योगपतियों की तिजोरी में डालने के लिए यह घोटाला किया है। आंकड़ों के साथ अपनी बात स्पष्ट करते हुए सीटू नेताओं ने कहा कि इस कदम से बीते 4 वर्ष 6 माह में मूल वेतन में की गई हेराफेरी के औसत 437 रुपये तथा 01.10.2019 से तब के मूलवेतन में की गयी 25 प्रतिशत वृद्धि को जोड़कर 31.03.2024 तक अकुशल श्रमिक को 1988 रुपये, अर्धकुशल श्रमिक को 2202 रुपये, कुशल श्रमिक को 2546 रुपये तथा अति कुशल श्रेणी के श्रमिक को 2871 रुपये का प्रति माह वेतन का आर्थिक नुकसान तथा इससे जुड़े अन्य हित लाभ प्रभावित हुये हैं।

# अंकसूची न मिलने से छात्रवृत्ति रूकी तो
# कुल सचिव पर होगी कार्रवाई: कमिश्नर

**छात्रवृत्ति के सभी प्रकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें**

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है।






रीवा

किसी की लापरवाही से यदि विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह गया तो दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। हर पात्र विद्यार्थी से समय पर आवेदन दर्ज कराकर उसे छात्रवृत्ति का लाभ देना हम सबकी जिम्मेदारी है। छात्रवृत्ति के आवेदन के सत्यापन तथा भुगतान के सभी प्रकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। जिन शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने पात्र विद्यार्थियों के आवेदन नहीं कराए हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ावर्ग के प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का लाभ अनिवार्य रूप से दें। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कई नोडल अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची जारी नहीं की गई है। अंकसूची के अभाव में छात्रवृत्ति के आवेदन अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव तीन दिवस में सभी विद्यार्थियों को अंकसूची उपलब्ध कराएं। अंकसूची के अभाव में यदि छात्रवृत्ति का 31 मार्च तक भुगतान नहीं होता है तो कुलसचिव के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। छात्रवृत्ति का भुगतान विश्वविद्यालय को करना होगा। कमिश्नर ने टीआरएस कालेज रीवा में छात्रवृत्ति के 109 आवेदन लंबित रहने पर प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाई।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि छात्रवृत्ति के सभी नोडल अधिकारी लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल सत्यापन कर दें। आवेदन पत्र दर्ज कराने में देरी करने वाले प्राचार्यों पर कार्यवाही प्रस्तावित करें। प्रभारी जिला संयोजक सभी स्वीकृत आवेदनों में तत्काल राशि जारी करा दें। सहायक संचालक पिछड़ावर्ग भी लंबित आवेदनों की शिक्षण संस्थावार सूची बनाकर उनका सत्यापन कराकर भुगतान कराएं। बैठक में बताया गया कि रीवा जिले में स्कूल शिक्षा विभाग में 14 हजार से अधिक विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है। पिछड़ावर्ग छात्रवृत्ति के लिए 7218 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है जिसमे से 4417 को मंजूर कर दिया गया है। संकुल प्राचार्यों द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन करके भुगतान किया जा रहा है। बैठक में कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी जिला संयोजक तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, प्राचार्य टीआरएस कालेज अर्पिता अवस्थी, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय विभा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, उपायुक्त डीएस सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अंकसूची के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क करें - कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि कई विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंकसूची प्राप्त न होने से छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र लंबित हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सभी विद्यार्थियों को तीन दिवस में अंकसूची उपलतब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है तथा अंकसूची उपलब्ध न होने से उनका आवेदन लंबित है। ऐसे सभी विद्यार्थी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव से संपर्क कर अपनी अंकसूची प्राप्त करें। अंकसूची अपने कालेज के प्राचार्य के माध्यम से नोडल प्राचार्य को उपलब्ध कराएं जिससे छात्रवृत्ति के आवेदन का सत्यापन कर भुगतान किया जा सके।

### रिपोर्ट भेजने के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर को लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन एवं मतदान के एक दिन पूर्व निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनीटरिंग कमेटी से प्राप्त सूचनाओं के संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट देने के लिए तैनात किया गया है। यह रिपोर्ट प्रत्येक दो घंटे में दी जाएगी।

### अवकाश के दिनों में नहीं दाखिल होंगे नामांकन पत्र

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए 28 मार्च से 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि अवकाश के दिनों में नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अवधि में 29 मार्च गुड फ्राईडे, 31 मार्च रविवार तथा एक अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश के दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। शेष दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल किए जा रहे हैं।

### बाइकों में भिड़ंत के बाद लगी आग, युवक झुलसा

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिरहनी ओवरब्रिज में बुधवार की सुबह दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों में हुई सीधी भिडंत के बाद एक बाइक में अचानक आग लग गई। घटना में बाइक सवार भी झुलस गया है। हादसे का शिकार हुए दोनों बाइक चालकों को घायल अवस्था में शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। बाइक में आग लगने के कारण काफी देर तक ब्रिज के आसपास खलबली मची रही। जानकारी अनुसार दुबे कॉलोनी की तरफ से एक बाइक सवार तेजी से गर्ग चौराहे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान घंटाघर की तरफ से आ रहे एक अन्य बाइक सवार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। मोटरसाइकिलों में इतनी जोरदार टक्कर हुई की एक बाइक में आग भभक उठी। देखते ही देखते बाइक आग का गोला बन गई। हादसे में एक बाइक सवार झुलस भी गया है और दोनों ही बाइक सवारों को टक्कर के कारण चोटें आई हैं।

### होली पर्व में उत्पात मचाने वालों को भेजा गया जेल

**कटनी।** होली पर्व के दौरान झिंझरी चौकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि चार व्यक्ति उत्पात मचा कर सामाजिक शांति को भंग कर रहे हैं एवं होली त्योहार को बेरंग करने में लगे हुए हैं। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को बहुत समझाने का प्रयास किया गया किन्तु वे नहीं माने तथा भारी बवाल करने लगे जिसके पश्चात चारों असामाजिक तत्वों राजीव उर्फ बड्डा चौधरी, लल्लू चौधरी, छुन्ना चौधरी, एवं मुन्ना चौधरी को धारा 151 जाफौ के तहत गिरफ़्तार कर लिया गया। जिन्हें न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।

---

**स्थैतिक निगरानी दल कर रहा सघन चेकिंग-सुखाड़ में हो रही सघन चेकिंग,**

# बाणसागर में बरती जा रही लापरवाही

ब्यौहारी



बुढ़वा सुखाड अंतर जिला बॉर्डर जिसमे सतना और शहडोल जिले की सीमा लगती है चेकिंग में हमारे संवाददाता 26/03/24 को दोपहर 1:00 बजे पहुंचे जहां पर सुखाड में अंतर जिला निगरानी दल का गठन किया गया जहां पर पुलिस एवं अन्य विभागों के कर्मचारी नजर आए और एक-एक गाड़ियों को बारीकी से चेक कर रहे थे निगरानी दल में के दिनेश शुक्ला ने बताया कि तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगी हुई है सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक फिर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक और फिर रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक हम लोगों का शिफ्ट सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक है 1:00 बजे निगरानी दल में विवेक तिवारी उपेंद्र सिंचाई विभाग शैलेंद्र साकेत पटवारी एवं दिनेश शुक्ल प्रधान आरक्षक देवलोद थाना उपस्थित थे उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक अवैध सामग्री का आवागमन रोकना मादक पदार्थ एवं नगदी का प्रवाह, अवैध हथियार लेकर प्रवेश रोकना अनापेक्षित ब्यक्ती को रोकना मकसद जिससे निष्पक्ष एवं भय मुक्त चुनाव संपन्न हो सके दोपहर 2.30 बजे दिनांक 26/03/24 को बाणसागर चेक पोस्ट से गायब मिले अन्य विभाग के कर्मचारी बाणसागर अंतर जिला नाका में पुलिस के एएसआई इंद्रालाल पुरी तो मौजूद थे लेकिन सिंचाई विभाग के कर्मचारी एवं पटवारी मौजूद नहीं पूछे जाने पर एएसआई इंद्रालालपुरी ने बताया कि अभी ड्यूटी में नहीं आए 2:30 बजे सिफ्ट चेंज होना था तब तक नए कर्मचारी नहीं आए थे इस तरह से इस अंतर जिला नाका मे लापरवाही बरती जा रही है ।

# कांग्रेस की लोस प्रत्याशी ने कई गांवों का किया भ्रमण, मतदाताओं से मुलाकात कर जन समस्याओं की ली जानकारी

रीवा।



कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने आज विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि रीवा की जनता पिछले 10 सालों से केवल घोषणा ही सुनती चली आ रही है। घोषणा के परिपालन में काम कहीं नहीं दिख रहा है। जगह-जगह लोग जानकारियां देते हैं कि केवल आश्वासन देते देते 10 साल सांसद ने बिता दिए, काम कुछ नहीं हुआ है। इन्होंने बताया कि कई जगह जनसंवाद के दौरान लोगों ने मुझसे स्पष्ट रूप से कहा कि हमें ऐसा सांसद नहीं चाहिए जो रीवा का विकास करने के बजाय मीडिया में बने रहने के लिए टॉयलेट साफ करे। इन्होंने कहा कि जनता काफी जागरूक और समझदार हो चुकी है, किसी के लटके झटके में आने वाली नहीं। जिस तरह से उत्साहित लोग कांग्रेस के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं उससे अभी से ही यह लगने लगा है कि जनता को सिर्फ कांग्रेस पर भरोसा है। मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगी। आज के जनसंपर्क कार्यक्रम में साथ चल रही पूर्व विधायक विद्यावती पटेल ने कहा कि रीवा के इतिहास में पहली बार किसी बड़े दल ने किसी महिला पर भरोसा जताया है। यह भरोसा कांग्रेस की ओर से आया है और कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण की बात की है। कांग्रेस की रीति और नीति यही रही है कि जो कहा जाए उसे पूरा किया जाए। नीलम मिश्रा भी उसी का उदाहरण है और उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। इसलिए हम सबको एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करते हुए समर्थन देना है। श्री मती मिश्र ने खैरा , मानिकवार समेत कई गांवो का भ्रमण किया एवं लोगों से मुलाकात कर जन समस्याओं की जानकारी भी ली। इस दौरान क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

---

**रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 की अधिसूचना जारी**

# प्रथम दिवस किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन प्रस्तुत नहीं किया

रीवा !.

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 में लोकसभा सदस्य के निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी कर दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने के प्रथम दिवस 28 मार्च को किसी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि नामांकन पत्र 4 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 3 निर्धारित किया गया है। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर वैशाली जैन अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर प्रभाशंकर त्रिपाठी के समक्ष दाखिल कर सकते है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अवधि में सार्वजनिक अवकाशों 29 मार्च गुड फ्राईडे, 31 मार्च रविवार तथा एक अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना का निर्धारित स्थलों में प्रकाशन कराने के निर्देश दिए हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान का स्वास्थ्य विभाग ने स्वीप रथ को रवाना कर किया शुभारंभ

रीवा ।



उपरोक्त विषयान्तगत लेख है कि माननीय जिला निर्वाचन अधिकारी जिला रीवा के निर्देशों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मुख्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजीव शुक्ला एवं सिविल सर्जन डा. प्रतिभा मिश्रा ने संयुक्त रूप से जिला अस्पताल कुशाभाउ ठाकरे रीवा में हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। जिसका मुख्य उद्देश्य सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग के अन्तगत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओ अर्बन पीएचसी, संजीवनी, सीएचसी, सीएच सीएबसी, पीएचसी एसएचसी स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता शुभारंभ रैली में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी (डा.के.वी. गौतम श्री राघवेन्द्र मिश्रा डीपीएम, dymeio एपीएम, पीएचएम, आशा पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थे।

---

**राजस्व वसूली में तेजी लाने अधिकारियों को दी हिदायत**

# न्यायालयीन मामलों में तत्परता से जवाब प्रस्तुत करने निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने समय-सीमा की बैठक में न्यायालयीन मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने और विभिन्न आयोगों द्वारा प्रेषित पत्रो का जवाब तत्परता से देने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रही। कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा की बैठक के प्रकरणो से संबंधित मामलों की फाइलें समय पर प्रस्तुत करे। इसके अलावा संबंधित मामलों में यदि विभाग स्तर से कोई कार्रवाई की गई हो तो भी इसकी जानकारी हर हाल में अवगत करवाना सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि अंतरराष्ट्रीय बस स्टेण्ड हेतु आवंटित शासकीय भूमि की फेंसिंग करवा कर सुरक्षित कर लें। साथ ही आवंटित जमीन पर नगर निगम की भूमि होने का बोर्ड भी लगा दे।कलेक्टर ने माईनिंग ,शिक्षा, राजस्व, खाद्य विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

### नल जल योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उर्पाजन सहित गर्मियों के मद्देनजर नल-जल योजनाओं की समीक्षा की कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के.एस. डामोर को विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा की बैठक में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी एस.डी.एम. डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रमोद चतुर्वेदी एंव विवेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह,डी.आई.ओ. प्रफुल्ल श्रीवास्तव परियोजना और अधिकारी मृगेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# गांजा तस्कर बना शराब ठेकेदार आबकारी अधिकारी ने दिया मंत्र

**रीवा।** जिला आबकारी अधिकारी ने एक बार फिर से गांजा तस्कर के हाथों शराब दुकान सौंप दी। मजे की बात तो यह है कि आबकारी अधिकारी अपने स्वार्थ के लिए उसके कान में ऐसा मंत्र भरा कि टेंडर डालने के पहले ही अपने चेहरे में मां काली इंटरप्राइजेज का मुखौटा लगा लिया। और शासन के निर्धारित राशि से कम पर नईगढ़ी शराब दुकान समूह पर 9 करोड़ 56 लाख रूपये की बोली लगाकर हथिया लिया। इस बात की खबर जैसे ही आबकारी अमले सहित शराब कारोबारियों के बीच निकल कर सामने आई तो चर्चा का विषय बन गई। चर्चाओं में बताया कि विगत वर्ष गांजा तस्कर सत्येंद्र उर्फ पिंटू साकेत ने चाकघाट शराब दुकान समूह में टेंडर डाला था और दुकान का लाईसेसी भी बन गया था। टेंडर हासिल होते ही कई नामी-गिरामी तस्करों और पूंजीपतियों को पार्टनर बना कर राशि हासिल कर शासन की प्रतिभूति राशि अपने नाम जमा कर दी। दुकान को संचालित हुए चंद दिन ही गुजरे थे कि मा. न्यायालय ने चाकघाट शराब दुकान के लाईसेंसी गांजा तस्कर सत्येंद्र उर्फ पिंटू को गांजा तस्करी में दोषी पाते हुए पांच साल की सजा एवं अर्थदंड से दंडित कर जेल भेज दिया था। लेकिन तस्कर के चहेते आबकारी अधिकारी दो माह तक उसकी दुकान चलने दी और उसके बदले जमकर उनके पार्टनरों सहित लाईसेंसी के करीबियों का शोषण किया। लेकिन मामला मीडिया में उछाल लेने से दुकान ज्यादा दिनो तक नही चल पाई और उसका फिर से टेंडर हुआ। लेकिन उसकी प्रतिभूति राशि आबकारी विभाग में सुरक्षित रखी रही। उसके जेल से छूटने पर जिला आबकारी अधिकारी ने देखा कि जिले की शराब दुकानों में टेंडर डालने के लिए कोई ठेकेदार रूचि नहीं दिखा रहे तो गांजा तस्कर को आफिस बुलाकर कान में मंत्र फूंक दिया। इतना ही नहीं उसकी पिछली जमा प्रतिभूति राशि थमा कर उसके हाथ मजबूत कर दिये। बताया जाता है कि सजाया ता गांजा तस्कर अपने पार्टनरों का पैसा लौटाने के बजाया उक्त राशि से नईगढ़ी शराब दुकान में टेंडर डाल दिया।

## खबर संक्षेप

### कार ने बाइक को कुचला, दो की मौत एक गंभीर घायल

**कोतमा।** नेशनल हाईवे क्रमांक 43 श्रमिक नगर तिराहे में बुधवार को चार पहिया वाहन ग्रैंड विटारा के चालक द्वारा दो पहिया वाहन को कुचल दिया जिससे दो लोगों की मौत हो गई ।वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है जानकारी अनुसार बुधवार को शाम 4 बजे के आसपास शिवा कोल अपने होने वाले ससुराल पक्ष के रिश्तेदार कोरजा डोंगरी टोला गौरेला छत्तीसगढ़ के राकेश 24 वर्ष पिता मूलचंद चाचा ससुर गेंद लाल के साथ दोपहिया वाहन से निगवानी जा रहे थे तभी श्रमिक नगर पकरिया तिराहे के पास अंधे मोड़ में वाहन क्रमांक एमपी 18 जेड बी 8952 के चालक ने टू व्हीलर को कुचल दिया। घायलों को कोतमा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां शिवा कोल की स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। दो लोगों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय अनुपपुर रेफर किया गया था। जहां दूसरे घायल राकेश कोल की अनुपपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### नेशनल स्कूल गेम्स में अभिनव ने स्वीमिंग में किया नाम रोशन




**अनूपपुर।** अनूपपुर के अभिनव सिंह ने 67वां नेशनल स्कूल गेम्स 2023-24 में हिस्सा लेकर जिले का नाम रोशन किया है। अभिनव जिले के वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता भूपेन्द्र सिंह के सुपुत्र हैं और सरस्वती शिशु विद्यामन्दिर शारदा विहार भोपाल विद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं। अभिनव ने स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा दिल्ली में आयोजित 67वें नेशनल स्कूल गेम्स 2023-24 में स्वीमिंग में अंडर 19 में हिस्सा लिया। अभिनव मेडियारास निवासी पूरन सिंह के नाती एवं भूपेंद्र सिंह सेंगर (एड) माता स्मिता सिंह के सुपुत्र हैं। वे अपने भाई आदित्य प्रताप सिंह के साथ यहाँ अध्ययनरत हैं। स्वीमिंग में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होकर सराहनीय प्रदर्शन करने पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों ने शुभकामनाएँ प्रेषित किया है।

### सी सेक्टर कॉलोनी में मजदूरों ने मनाई होली



**बदरा/जमुना।** एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह के हसदेव क्षेत्र के सी सेक्टर कॉलोनी में उनके निवास पर कोयला मजदूरों ने रंग अबीर से सराबोर होकर के पूर्वी फाग गीत गाकर होली बनाया ज्ञात हो कि कॉमरेड हरिद्वार सिंह होली में बिलासपुर के बजाय क्षेत्र में रहना अधिक पसंद किये। कामरेड हरिद्वार सिंह लड़ाकू एवं जुझारू कोयला मजदूरों के नेता हैं मजदूरों में बेहद लोकप्रिय है हसदेव क्षेत्र में कामरेड हरिद्वार सिंह के संघर्षों को लोग आज भी याद करते हैं। एटक मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं एसईसीएल के महासचिव के रूप में कामरेड हरिद्वार सिंह ने कई उपलब्धियों हासिल किया है होली मिलन के बहाने सैकड़ों कोयला मजदूरों से मिलकर उनके सुख दुख मे शामिल हुए हसदेव क्षेत्र में कामरेड हरिद्वार सिंह कम्पनी के गेस्ट हाउस में नहीं रहते और जितने बार वहाँ जाते हैं कालोनी के लोग ही चाय नास्ता एवं खानें का ब्यवस्था करते हैं वहाँ के मजदूर कामरेड हरिद्वार सिंह को अपना गार्जियन मानते हैं।

### नामांकन के दिन डेढ़ सैकड़ा से अधिक कांग्रेसियों ने छोड़ा हाथ का साथ

# एक ही दिन में कांग्रेस को लगे चार बड़े झटके



**पूर्व जिला अध्यक्ष सहित 10 ने दिया इस्तीफा तो 12 अन्य हुये भाजपा में शामिल**

### लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस की बढ़ी मुश्किलें

### बिखर रही कांग्रेस को समेट रही भाजपा



**जयप्रकाश अग्रवाल समेत सभी 10 की भाजपा में जाने की अटकलें तेज**

**अनूपपुर।** कांग्रेस के लिए बुधवार का दिन भारी रहा, लगातार एक के बाद एक चार झटके लगे। यह भी एक संयोग था कि एक तरफ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव शहडोल लोकसभा उम्मीदवार फुंदेलाल सिंह मार्को का नामाकंन जमा कराने अनूपपुर आये, उनके आते ही भूकंप के सामान जाते-जाते तीन झटके मिले। इसमें 75 लोगो ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए भाजाप का दामन थाम लिया। पहला बिजुरी में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के हाथो कांग्रेस जिला महामंत्री मुकेश शुक्ला एवं उनकी पत्नी तथा वार्ड क्रमांक 12 बिजुरी से पार्षद लक्ष्मी शुक्ला ने भाजपा की सदस्यता ले ली। इसके साथ ही कांग्रेस सेवादल के कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष शिव लखन शुक्ला, वार्ड क्रमांक एक से निर्दलीय पार्षद शालिनी द्विवेदी तथा वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पति बालकिशुन ने भाजपा की सदस्यता ली। कुछ ही देर बाद उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के मंच में लघु एवं कुटीर उद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में कोतमा विधानसभा के 62 कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा परिवार में शामिल हो गये। जिसमें कोतमा नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी शामिल रहे वहीं शाम होते-होते कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व को पार्टी के मूल भावना से भटकने और हिंदुओं के भावनाओं को ठेस पहुंचाने एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए 10 लोगो के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने बुधवार की शाम एक होटल में पत्रकार वार्ता कर बताया कि वर्ष 1907 में एनएसयूआई में अपनी राजनैतिक जीवन की शुरूआत कर एनएसयूआई जिला मंत्री, जिला कांग्रेस में जिला अध्यक्ष के पद पर 13 वर्षो से अधिक रहकर पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करता रहा। वर्ष 2007 से 2023 तक विपक्ष में रहकर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य किया, इस दौरान 2008 में एक, 2013 में दो एवं 2018 में तीनों विधानसभा में जीत मेरे ही जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में हुआ। इसके साथ ही कई नगरीय निकायों में कांग्रेस की परिषद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2020 में पार्टी के वरिष्ठ नेता बिसाहूलाल सिंह ने पार्टी छोडी तब भी पूरी ताकत से अपने साथियों सहित पार्टी में रहकर उपचुनाव में पार्टी के लिए मजबूती से काम किया।

#### मूल भावना से भटकी कांग्रेस पार्टी

पूर्व जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय पार्टी और नेता पार्टी की मूलभावना से भटक गए है आज न पार्टी की कोई नीति है और ना ही नेता है। पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व लगातार देश में हिन्दुओं के खिलाफ बात कर रहे हैं चाहे भगवान श्रीराम मंदिर उद्घाटन का कार्यक्रम में न जाने का निर्णय, सनातन धर्म के विरुद्ध बात कहना या हिन्दुओं की सबसे बड़ी शक्ति के खिलाफ संघर्ष का वक्तव्य हो ऐसे कई बयान हिन्दू धर्म के विरुद्ध आने से देश के असंख्य हिन्दुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है जिससे मेरा भी मन व्यथित है ऐसी परिस्थिति में पार्टी में रहना असंभव हो रहा है, इस कारण हम सब कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं।

#### पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व पर लगाये गंभीर आरोप

पूर्व जिला अध्यक्ष ने पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व के साथ जिला अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज जिले में पार्टी को अधिकारी चला रहा है। नीति और नेता विहीन है कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष के व्यवहार में अफसर शाही की झलक है कांग्रेस जिला अध्यक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चपरासी समझते हैं। जैसे नौकरी में रहते पटवारी को निर्देशित किया जाता है वैसे कार्यकर्ताओं को कहा जाता है इससे पार्टी में रहकर अपमान नहीं सहा जाता। भाजपा में जाने के सवाल पर पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस जयप्रकाश अग्रवाल ने अभी कोई स्पष्ट नहीं किया है लेकिन उन्होने यह जरूर कहा कि अब रास्ते खुले हुए हैं और मैं अब कांग्रेस पार्टी छोड़कर काफी सुकून महसूस कर रहा हूं वहीं संभावाना जताई जा रहीं है कि एक दो दिन में किसी बड़े भाजपा नेता के हाथो सदस्यता ले सकते हैं।

#### त्याग पत्र में यह भी शामिल

पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष जसप्रकाश अग्रवाल के साथ जैतहरी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला महामंत्री नर्मदा प्रसाद तिवारी, खेमचंद अग्रवाल महामंत्री जिला, नरहरि प्रसाद राठौर जिला महामंत्री, सेक्टर अध्यक्ष धनगांवा सीताराम राठौर, राजकिशोर राठौर पार्षद वार्ड नम्बर 13, सविता राठौर पार्षद वार्ड नंबर 15, कविता राठौर पार्षद वार्ड नंबर 10 नगर परिषद जैतहरी साथ जयकरण विश्वकर्मा मंडलम उपाध्यक्ष धनगंवा ने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों और पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।

#### अनिल कुमार गुप्ता की अगुवाई में कई कांग्रेसी भाजपा में शामिल

कांग्रेस के कमजोर नेतृत्व के चलते कई कांग्रेस जन लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस से पलायन करना प्रारंभ कर दिए हैं एवं भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। अनूपपुर एवं शहडोल जिले के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता की अगुवाई में एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सत्येंद्रू तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, जिलाध्यक्ष रामदास पुरी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल कुमार गुप्ता, जिला प्रभारी मिथिलेश मिश्रा, नगर पालिका पसान अध्यक्ष रामअवध सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर की उपस्थिति में अनूपपुर जिला कांग्रेस के महामंत्री सिद्धार्थ सिंह (राजा भैया), पार्षद कविता राठौर, पार्षद सविता राठौर, गणेश नापित पूर्व पार्षद, पोषण राठौर पूर्व पार्षद, प्रीतम राठौर पूर्व अध्यक्ष लैम्पस सोसाइटी जैतहरी, कृष्ण संत द्विवेदी (लाला), रामकुमार राठौर सेवानिवृत कर्मचारी, नत्थू राठौर, लाल प्रताप सिंह राठौर ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कांग्रेस नेताओं के भाजपा सदस्यता ग्रहण करने पर नगर परिषद अध्यक्ष जैतहरी उमंग अनिल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि नरेश नापित, भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश सिंह मरावी, आनंद अग्रवाल, वेद प्रकाश द्विवेदी, प्रेमानंद द्विवेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रभा मिश्रा, नगर परिषद उपाध्यक्ष रवि राठौर ने नवागत भाजपा सदस्यों का अभिनंदन करते हुए बधाई दी।

### मनमानी पर आमादा प्राचार्य मुलायम सिंह को सहायक आयुक्त ने थमाया नोटिस

# देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना प्रभारी प्राचार्य को पड़ा भारी

**अनूपपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय व खांडा के प्रभारी प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार लगातार देश भविष्य यानि विद्यार्थियों के साथ छल व कार्य के प्रति मनमानी उदासीनता बरत रहे हैं। अपनी मनमानी के लिए मशहूर व भ्रष्टाचार पर आमादा मुलायम सिंह नाम के उलट बच्चों के लिए कठोर हैं जिस पर जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर के सहायक आयुक्त ने उन्हे कारण बताओ नोटिस थमाया है।

#### यह लिखा नोटिस मे

जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर के सहायक आयुक्त ने 27 मार्च को प्रभारी प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार को कारण बताओ नोटिस देकर लेख किया कि जिला शिक्षा अधिकारी जिला अनूपपुर द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर आपके द्वारा छात्रवृत्ति का निराकरण निर्धारित समयावधि में नहीं किये जाने के कारण छात्रवृत्ति भुगतान आज दिनांक तक लंबित है तथा उक्त छात्रवृत्ति के भुगतान हेतु कई बार आपको निर्देशित किया गया, किन्तु आपके द्वारा समयावधि में निराकरण नही किया गया, जिससे छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान नही किया जा सका, जिससे छात्रों द्वारा आये दिन सी.एम. हेल्पलाईन में निरंतर शिकायतें दर्ज कराई जा रही है। छात्रवृत्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतना आपके पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है, जो मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है। उक्त कृत्य के फलस्वरूप क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे? उपरोक्त स्थिति से यह परिलक्षित हो रहा है कि आपके द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजना छात्रवृत्ति के



लाभ से छात्रों को वंचित किया जा रहा है। अतः आप अपने कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर लंबित प्रकरणों का निराकरण कर मय अभिलेख सहित समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, समयावधि में संतोषप्रद उत्तर प्राप्त होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

#### छात्रवृत्ति का नही होगा भुगतान तो रूकेगा वेतन

किसी भी सरकारी कर्मचारी के वेतन आहरण पर रोक बड़ी कार्यवाही का परिचायक है जिससे समझा जा सकता है कि मुलायम सिंह छात्रों के हित व उनके भविष्य के प्रति कितने कोमल होंगे। श्री परिहार ज्यादातर अपना काम खुद न करके दूसरों के गिरेबां को ही देखते रहते हैं। मूल प्राचार्य खांडा के साथ साथ इन्हे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर का भी प्रभार दिया गया है जिसमे दोनों ही जगह इनके द्वारा अपने कर्तव्यों के विमुख होकर स्वेच्छाचारिता की जाती है जिस कारण सहायक आयुक्त ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को संस्था के छात्रवृत्ति का भुगतान शत-प्रतिशत नही हो जाने तक प्राचार्य का वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं यहां तक कि बिना छात्रवृत्ति भुगतान के वेतन आहरण पर संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी तक दी गई है।

#### यह है लंबित छात्रवृत्ति का विवरण

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कुल 263 छात्रों मे 261 बच्चों का प्रोफाइल बनाया गया वही स्कालरशिप के लिए 259 बच्चों को दर्शाया गया जबकि इनमे से 225 को वेरीफाई किया गया तथा 218 को अप्रूव किया गया जबकि 8 छात्र अभी भी अप्रूवल के लिए लंबित है वही कुल स्वीकृत आवेदनों की संख्या 166 तो पेमेंट आर्डर 79 की जेनरेट हुई है जिनका कुल अमाउंट 491400 है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी स्कूल खांडा के कुल 131 छात्रों मे 108 बच्चों का प्रोफाइल बनाया गया वही स्कालरशिप के लिए 93 बच्चों को दर्शाया गया जबकि इनमे से 62 को वेरीफाई किया गया तथा 62 को अप्रूव किया गया जबकि 19 छात्र अभी भी अप्रूवल के लिए लंबित है वही कुल स्वीकृत आवेदनों की संख्या 32 तो पेमेंट आर्डर 28 की जेनरेट हुई है जिनका कुल अमाउंट 53260 है।

# दो दिनों में सड़क दुर्घटना में दो अलग मामलों में तीन की मौत दो घायल

### जहर खाने से वृद्ध की मौत, घटनाओं पर पुलिस कर रही जांच

**अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा एवं अनूपपुर थाना क्षेत्र में विगत रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई वहीं दोनों घटनाओं में घायल दो लोगों का उपचार चल रहा है वही एक वृद्ध द्वारा अज्ञात कारणो से जहरीला पदार्थ खाने के कारण उपचार दौरान जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मृत्यु हो जाने की घटनाओं पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। तीनों घटनाओं के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के बेलापार गांव निवासी 55 वर्षीय बृद्ध बजरू पिता रामकुमार कोल ने विगत दिनों अज्ञात कारणो से जहरीला पदार्थ खा लिया रहा जिसे गंभीर स्थिति में परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती किए जाने पर उपचार दौरान मौत हो गई वहीं बुधवार की शाम भालूमाड़ा थाना अंतर्गत एनएच 43 में श्रमिकनगर पकरिया तिराहा के समीप मोटरसाइकिल से निगवानी जा रहे तीन व्यक्तियों की मोटरसाइकिल को एक कार चालक द्वारा तेज गति से चलाते हुए ठोकर मार देने से एक युवक शिवा




कोल की कोतमा अस्पताल एवं एक युवक राकेश पिता मूलचंद कोल 27 वर्ष की जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मौत हो गई जबकि एक वृद्ध का अस्पताल में घायल होने पर उपचार चल रहा है। तीसरी घटना बुधवार की रात अनूपपुर कोतवाली थाना अंतर्गत अनूपपुर जैतहरी मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत छुल्हा के बम्हुरिया तालाब के पास तेज गति से अनूपपुर बस्ती से अपने गृह ग्राम जैतहरी थाना के अमगवां जा रहे 30 वर्षीय युवक कमलेश पिता मूलचंद कोल की सोल्ड मोटरसाइकिल रोड के किनारे बैठे 65 वर्षीय शंकर पिता छोटू कोल निवासी खिरनाटोला छुल्हा को ठोकर मारते हुए एक पेड़ से टकरा गई जिससे युवक कमलेश कोल की स्थल पर मौत हो गई जबकि घायल वृद्ध शंकर कोल को राहगीरों की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। तीनों घटनाओं पर भालूमाड़ा पुलिस, जिला अस्पताल पुलिस के द्वारा मृतको के परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा, पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु मृतको के शवों को परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है। विगत एक सप्ताह में होली उत्सव के समय जिले में एक सप्ताह के मध्य अनेकों सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मौतो के साथ कई लोग घायल हो चुके हैं।

# आरती राठौर को मिली पीएचडी की उपाधि, जैतहरी की बेटी ने किया जिले का नाम रोशन

**जैतहरी।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के अर्थशास्त्र विभाग की शोध छात्रा आरती राठौर को पीएचडी उपाधि मिली। छत्तीसगढ़ राज्य में गोंड जनजातियों के आजीविका के साधनों का विश्लेषणात्मक अध्ययन (गौरेल पेण्ड्रा मरवाही जिले के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध कार्य कर उपाधि प्रदान की गई। यह पीएचडी उन्होंने डॉ राजभानु पटेल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के निर्देशन में पूर्ण की। आरती राठौर ग्राम बलबहरा, तहसील जैतहरी में निवासरत केशव



सिंह राठौर की पत्नी है जो स्वयं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के पर्यटन प्रबंधन विभाग में शोध छात्रा है। आरती राठौर बचपन से ही पढ़ाई के प्रति होनहार रही हैं इन्होंने अपनी छठवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार छत्तीसगढ़ से पूर्ण की एवं स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से पूरी की हैं जो कि यह अनुपपुर जिले के समाज में अन्य लोगों के लिए एक बड़ी प्रेरणा स्त्रोत है।



# शिकार के लिए लगाए करंट की चपेट में आया युवक

**अनूपपुर।** अमरकंटक के दमगढ़ बीट के फर्रीसेमर के जंगल में मंगलवार की रात जंगली जानवरों के शिकार के लिए शिकारियों ने जीआईतार से करंट फैलाया था। जिसके चपेट में आने से गांव का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार बाद जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में युवक का इलाज जारी है। घटना की सूचना के बाद अमरकंटक वन विभाग द्वारा जंगल में अनाधिकृत रूप से जीआई तार से करंट फैला कर शिकार करने के प्रयास करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से शिकारियों को जेल भेजा दिया गया। वहीं मामले में तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि पकड़े गए आरोपी को पूर्व में एसटीएफ ने तेंदुआ की खाल के साथ गिरफ्तार किया था। वन विभाग की जबलपुर स्थित एसटीएफ टीम द्वारा विगत तीन-चार सालों के मध्य डिंडौरी जिले में मुखबिरों की सूचना पर वन्यप्राणी तेंदुआ के साथ अन्य वन्य प्राणियों की खाल एवं सामग्री जब्त की है। जिसमें वन परिक्षेत्र अमरकंटक,राजेंद्रग्राम एवं अहिरगवा के अनेकों आरोपी गिरफ्तार किए गए। वन परिक्षेत्र अमरकंटक के दमगढ़ एवं इससे लगे अन्य वन बीटो के ऐसे ग्रामीण जो आदतन शिकार के आदी है उन्हें भी पकड़ा गया। इसके बाद भी वन विभाग का अमला अवैध शिकार को रोकने में पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है। जिसके कारण ही शिकारियों के हौसले बढ़े हुए हैं। जानकारी के अनुसार अमरकंटक थाना अंतर्गत फरीर्सेमर गांव के 29 वर्षीय धनसिंह पुत्र अजरू सिंह बैगा लकड़ी लेकर ग्राम पोंडकी आ रहा था। तभी अचानक जंगल के रास्ते में शिकारियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से कई हिस्सों में जीआईतार में करंट फैलाया था। करंट की चपेट में आने से धनसिंह बुरी तरह घायल हो गया। घायल का इलाज जारी है।

# लोकतंत्र की आवाज हूं मैं, मतदान के लिए तैयार हूं मैं

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित सामतपुर तिराहा से रेलवे स्टेशन तक मतदाता जागरूकता तथा शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा जनता में विश्वास कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में शहडोल संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद एवं शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान सामतपुर तिराहा, आदर्श मार्ग तथा रेलवे स्टेशन में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। शहडोल संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कहा कि प्रशासन और पुलिस बल कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैदी के साथ खड़ा है। शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के शत-प्रतिशत मतदाता मतदान तिथि 19 अप्रैल को अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक जिम्मेदार नागरिक बनें तथा अपने परिजन व आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदाता बिना किसी डर के शत-प्रतिशत मतदान करें। जनता की जान, माल की सुरक्षा के लिए पुलिस, प्रशासन तैनात है। लोकतंत्र की जड़ें मतदाताओं की वजह से ही मजबूत हैं। आज हम फक्र से कह सकते हैं कि हमारा लोकतंत्र विश्व में अग्रणी है। हर वोटर निर्णायक है। उन्होंने मतदाता जागरूकता स्लोगन लोकतंत्र की आवाज हूं मैं, मतदान के लिए तैयार हूं मैं, हमारा लोकतंत्र महान, आओ करें मतदान, लोकतंत्र का हूं मैं नायक, मेरा वोट बने निर्णायक के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया।कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मतदाताओं से 19 अप्रैल को




मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि शत्-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो, इसके लिए सभी मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग दृढ़ संकल्प के साथ सुनिश्चित करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि सभी मतदाता स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक होकर मतदान तिथि 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ताकि हमारे लोकतंत्र की मजबूती कायम रहे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर भय, पक्षपात व प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपना मतदान 19 अप्रैल को करें। उन्होंने निर्वाचन के संबंध में बनाए गए सी-विजिल एप के संबंध में जानकारी देते हुए अपील की कि निर्वाचन से संबंधित शिकायतें सी-विजिल एप में करें, जिसका निराकरण 100 मिनट के अन्दर सुनिश्चित होता है। उन्होंने मतदाताओं से मतदान कर जिले को गौरवान्वित करने की अपील की। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के सदैव तत्पर का संदेश तथा जिम्मेदार मतदाता के लिए जनसमुदाय से शत-प्रतिशत मतदान की प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।